तापमान

अधिकतम 42 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल, 2025



11 भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया, बूंद-बूंद को तरसे...



12 तोशाम चुंगी पर लगाई गई ट्रैफिक लाइट का लिया ट्रायल




## खबर संक्षेप

### हकृवि में कल से सुबह 7 बजे खुलेंगे कार्यालय

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1 मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू होगी। इसके अन्तर्गत 1 मई से 31 जुलाई तक विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक खुलेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेश में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, तथा कृषि महाविद्यालय, कौल (कैथल) व कृषि महाविद्यालय, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 मई से 31 जुलाई तक यही समय लागू होगा। गौरतलब है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में शरद्कालीन समय सारिणी के अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक है, जो एक मई से बदलकर प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक हो जाएगा।

### विश्वास स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) तथा पेरेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में सकारात्मक अभिभावकत्व के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य दिनेश चंद्र सेमवाल ने डाउट सेशन आयोजित कर अभिभावकों के प्रश्नों का समाधान किया और उनकी सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

### स्कूल में ईपीएफओ से संबंधित दी जानकारी

**हिसार।** डाबड़ा रोड स्थित आईडी डीएवी पब्लिक में ईपीएफओ से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। इस अवसर पर राजेश और कर्मवीर रोहतक कार्यालय विभाग की ओर से उपस्थित रहे तथा इस कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और संतोषजनक उत्तर दिए। उन्होंने यूएएन नंबर के बारे में जानकारी दी और यूएएन से जुड़ी सभी सुविधाओं के विषय के बारे में बताया।

### कबड्डी लीग सीजन-3 के ट्रायल 20 मई से शुरू

**हिसार।** उत्तर भारत में महिला कबड्डी में अपनी एक बेहतरीन पहचान बना चुकी स्पाइन कबड्डी लीग ने अपने 2 सीजन पूरे कर लिए हैं। अब स्पाइन कबड्डी लीग की आयोजन कमेटी सीजन 3 की तैयारियों में लग चुकी है। स्पाइन कबड्डी लीग के संस्थापक योगेश शर्मा ने बताया कि सीजन 3 के लिए 20 मई के आसपास से ट्रायल शुरू होंगे। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। योगेश शर्मा ने बताया कि ट्रायल, रजिस्ट्रेशन, सिक्योरिटी या लीग के नाम पर खिलाड़ियों की कोई फीस नहीं लगेगी।

### शिविर में 260 बच्चों के दांतों को जांचा

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने अग्रवाल कालोनी स्थित सरस्वती प्राइमरी स्कूल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. मनीष और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

**हिसार।** बुजुर्गों की सेवा व संभाल के प्रति समर्पित मोक्ष वृद्धाश्रम में बुधवार को अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातः भगवान की पूजा व आराधना करने के उपरांत बुजुर्गों में बनाना शेक वितरित किया जाएगा। दोपहर को 3 बजे गन्ने का रस और सायं 4 बजे तरबूज का प्रसाद वितरित होगा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने दी जानकारी।

---

## सेंटर फॉर माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोड प्रयोगशाला का निरीक्षण

# केंद्रीय वित्त आयोग की टीम ने किया हिसार दौरा, विकास कार्यों को परखा

### आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में टीम ने हिसार में कंसल्टेशन विजिट श्रृंखला के तहत विभिन्न स्थानों पर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भारत सरकार द्वारा गठित 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढिया के नेतृत्व में आयोग देशभर के विभिन्न हितधारकों से व्यापक परामर्श कर रहा है। इस सिलसिले में आयोग की कंसल्टेशन-विजिट श्रृंखला के तहत हरियाणा 24वां राज्य बना है, जहां आयोग ने दौरा किया। मंगलवार को आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढिया और अधिकारियों की टीम हिसार पहुंची। यहां मंडलायुक्त ए. श्रीनिवास, उपायुक्त अनीश यादव तथा जिला नगर आयुक्त नीरज ने आयोग की टीम का स्वागत किया। गौरतलब है कि केंद्रीय वित्त आयोग राज्यों में विकास कार्यों, बुनियादी ढांचे और नवाचारों की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जमीनी स्तर पर इस प्रकार के दौरे कर रहा है। दौरे के दौरान आयोग की टीम ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कैमरी रोड पर स्थापित 15 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर वर्क्स के द्वितीय चरण के रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने इस परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों, जल गुणवत्ता, सप्लाई प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी के बारे में आयोग को अवगत कराया।



**हिसार।** सेंटर फॉर माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोड प्रयोगशाला का निरीक्षण करती 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### एचएयू ने टिश्यू कल्चर विधि से हुए रूबरू

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढिया एवं टीम के सदस्यों को बताया कि सेंटर फॉर माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोड प्रयोगशाला से तैयार किए गए पौधे हरियाणा सहित उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के किसानों को उपलब्ध करवाए जा सकेगें। इस प्रयोगशाला में टिश्यू कल्चर विधि से विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार करने की विधियां विकसित की गई हैं। लैब में प्रति वर्ष लगभग 20 लाख उच्च गुणवत्ता, रोग रहित एवं आनुवांशिक रूप से एक जैसे पौधे तैयार किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि गन्ने की एक आंख से 40 हजार पौधे तैयार किये जा रहे हैं जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रयोगशाला 2.5 एकड़ में फैली हुई है जिसे तीन भागों में विभाजित किया गया है। पहले भाग में प्रयोगशाला है जो कि 6500 स्क्वेयर फीट में स्थापित की गई है। इसमें पौधे परखनलियों में प्रयोगशाला में नियंत्रित तापमान एवं प्रकाश के अंदर विकसित किए जाते हैं। दूसरे भाग में 1041 स्क्वेयर फीट में ग्रीन हाउस है। यहां पर पौधों को नियंत्रित तापमान एवं आद्रता में विकसित किया जाता है। इस ग्रीन हाउस में टिश्यू कल्चर विधि से 5 लाख पौधे रखने की क्षमता है। तीसरे भाग में नेट हाउस है, जो की एक एकड़ में बनाया गया है। जिसमें पौधे रखकर किसानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### पांच वाटर वर्क्स के माध्यम से हो रही पेयजल आपूर्ति

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढिया और अधिकारियों की टीम ने कैमरी रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। जनस्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर इन चीफ देवेंद्र सिंह ने बताया कि हिसार शहर के लिए विभाग ने पांच वाटर वर्क्स बनाए हुए है। कैमरी रोड वाटर वर्क्स की क्षमता 15 एमएलडी की है और 51711 लोगों को पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस वाटर वर्क्स से वार्ड नंबर 14,15,16 और पटेल नगर को सलाई की जा रही है। इसकी स्टोरेज क्षमता 2.88 करोड़ लीटर की है।

### हकृवि में शोध एवं नवाचार स्थलों का भ्रमण किया

आयोग की टीम ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार स्थित विभिन्न शोध एवं नवाचार स्थलों का भ्रमण किया। टीम ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. मंगलसेन कृषि साइंस म्यूजियम एवं बायोटेक्नोलॉजी लेबोरेटरी का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने टीम को कृषि नवाचार, जैविक अनुसंधान एवं ग्रामीण पर्यटन, परम्परागत संसाधनों और उनके द्वारा किए गए प्रयोग को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान विवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई, केन्द्रीय वित आयोग के सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्य कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे, सयुक्त सचिव के.के. मिश्रा, अध्यक्ष के निजी सचिव (संयुक्त निदेशक) कुमार विवेक, संयुक्त निदेशक दविंदर चोदहा, उप-निदेशक रोहित गुट्टे, ओएसडी अभिषेक नंदन, सहायक निदेशक भाबेश हजारिका व आरुषि गुप्ता उपस्थित रहें।

### मार्केटिंग तकनीक से करवाया जा रहा अवगत

वित्त आयोग के अध्यक्ष और टीम का हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी आर काम्बोज ने स्वागत किया और आयोग को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही गतिविधियों की जानकारी सांझा की। आयोग को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय किसानों को बीज उपलब्ध करवाने के साथ ही उनके किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) स्थापित करने में मदद करता है और उनके लिए मार्केटिंग के रास्ते खोजने में मदद कर रहा है। एचएयू किसानों को फसलों को अनुसंधान करके बीज उपलब्ध कराती है।

### वित्त आयोग की टीम ने देखी संस्कृति की झलक

वित्त आयोग की टीम ने डॉ मंगल सेन कृषि विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कर जानकारी हासिल की। संग्रहालय के प्रारंभ में ही हरियाणा की गौरवपूर्ण विकास यात्रा के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, जन सांख्यिकीय आंकड़े दर्शाए जाने के साथ आगंतुकों विशेषकर स्कूली बच्चों को कृषि के बारे में जागरूक करने के लिए कृषि विकास यात्रा को त्रि-आयामी भीती चित्रों द्वारा दर्शाया गया है।



**नारनौंद।** राखी गढ़ी संग्रहालय का दौरा करते केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया। *फोटो: हरिभूमि*

## हड़प्पाकालीन सभ्यता का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया और सदस्यों ने मंगलवार को विश्व की सबसे प्राचीन हड़प्पा कालीन सभ्यता से जुड़े हेरिटेज स्थल राखीगढ़ी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने करीब छः हजार साल पुरानी सभ्यता के बारे में जाना। उन्होंने टीलों का दौरा किया और खुदाई में मिले अवशेषों को भी देखा। साथ ही, उन्होंने खुदाई के दौरान मिले अवशेषों पर लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक अमित खत्री और विभाग की उप निदेशक डॉ बनानी भट्टाचार्य ने आयोग को खुदाई में मिले अवशेषों के बारे में विस्तार से बताया। आयोग को जानकारी देते हुए बताया गया कि खुदाई के दौरान मिले अवशेष उस समय के लोगों की जीवन शैली को बयां करते है। उस समय किस प्रकार यहां बड़ी बड़ी कच्ची और पक्की ईंटों के मकान होते थे और लोग मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करते थे। बच्चों के लिए मिट्टी के ही खिलौने होते थे। महिलाएं मिट्टी के गहनों से श्रृंगार करती थी। खुदाई के दौरान मिल रहे मिट्टी के औजारों और श्रृंगार व दीवारों पर चित्रकारी इस बात की गवाह है कि हड़प्पा कालीन सभ्यता के दौरान लोग बहुत ही हुनरमंद थे यह उनमें कौशल विकास को दिखाता हैं। इस दौरान उपायुक्त अनीश यादव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### यह जानकारी दी गई

यह भी जानकारी दी गई कि यहां पर बहुत ही विकसित शहर होता था, जिसमें सड़कें और बीच के रास्ते बहुत ही व्यवस्थित ढंग से बने थे। टीला नंबर एक की खुदाई के दौरान पता चला कि उस समय पत्थरों से मनके बनाए जाते थे, जिनका उत्पादन प्रमुखता से होता था। टीला नंबर दो की खुदाई के दौरान पता चला कि उस समय शहर में घरों की सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद होती थी। मकान में भी पहरेदारों के कक्ष होते थे। शहर में अलग से बाजार और अलग से आवासीय क्षेत्र था। पानी की निकासी का बहुत ही व्यवस्थित तरीके से प्रबंध था। खुदाई से पता चला कि उस समय हाथी दांत की वस्तुएं भी प्रयोग में होती थी। टीला नंबर 6 के बारे में जानकारी दी गई कि दीवारों पर मिट्टी का ही प्लास्टर का प्रयोग होता था।

---

## डिवीजन नंबर 2 को किया सम्मानित

- बिजली निगम एसई ने उत्कृष्ट कार्य का दिया इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

डीएचबीवीएन में अकाउंट जमा करने में डिवीजन नंबर 2 के प्रथम स्थान पर आने पर मंगलवार को हिसार सर्कल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डिवीजन नंबर दो ने पूरे डीएचबीवीएन लेवल पर अकाउंट जमा करने पर फर्स्ट पोजीशन प्राप्त की। अधीक्षक अभियंता ओमवीर ने मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अकाउंट जमा करने पर डिवीजन नंबर दो हमेशा से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आई है। पिछली बार की तरह इस बार भी उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कार्यकारी अभियंता विनीत ने भी अकाउंटेंट प्रदीप बुधवार को बधाई दी और अच्छा कार्य करने की सराहना की। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह डिवीजन नंबर दो अपने कार्य को लेकर हमेशा अव्वल रहा है। बिजली कर्मचारी यूनियन नेता प्रदीप लोरा ने भी सभी को बधाई दी। इस मौके पर संजय, बिशंबर, भागीरथ, प्रवीण, सिमरन, सुमित, नरेंद्र, सतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** डिवीजन नंबर 2 के प्रथम स्थान पर सम्मानित करते एसई ओमवीर।

### आईपेड, मोबाइल फोन व नकदी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने कैमरी रोड स्थित गोयल धर्मशाला के बाहर खड़ी गाड़ी से आईपेड, मोबाइल फोन और नकदी चोरी के मामले में शांति विहार कॉलोनी निवासी अजय उर्फ डेरा को गिरफ्तार किया है। एएसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि इस संबंध में सेक्टर 5 वृंदावन निवासी निर्दोष सोबती ने 27 अप्रैल की रात में कैमरी रोड स्थित गोयल धर्मशाला के बाहर खड़ी गाड़ी से आईपेड, मोबाइल फोन और नकदी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के लड़के की शादी में कैमरी रोड स्थित गोयल धर्मशाला में आया हुआ था और गाड़ी धर्मशाला के बाहर खड़ी थी।

## मुख्य अभियंता ने जलघर का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

जन स्वास्थ्य विभाग के मुख्य अभियंता टी आर पंवार ने नहर आधारित जलघरों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने जांच करते हुए देखा कि जलघर सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुंदनपुरा से उकलाना के लिए आने वाले रावॉटर की राइजिंग का कार्य चल रहा है जोकि अभी अधूरा था। उसकी भी जांच कर रहे थे जिसमें कुछ खामियां मिली है। उसके लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। दूसरे जलघर में रावॉटर देने के लिए 45 से 60 दिन में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। भाखड़ा का पानी उकलाना में आए उसके लिए उन्होंने बताया कि पूर्ण रूप से भाखड़ा आने पर हेड मेंटेन होगा तो ग्रेविटी चैनल बनाए हुए हैं उसमें पानी आएगा उससे पानी की पूर्ति हो पाएगी। इस दौरान अधीक्षक अभियंता आरके शर्मा, कार्यकारी अभियंता शशिकांत आदि मौजूद रहे।



**उकलाना।** जलघर का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता टी आर पंवार।

---

## जल संकटः सरकार को जगाने के लिए विरोध प्रदर्शन दो को

- संयुक्त जल संघर्ष समिति ने बैठक कर सरकार व अधिकारियों पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सयुंक्त जल संघर्ष समिति जिला की एक महत्पूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते प्रधान बिजेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि आज पानी को लेकर बहुत विकट स्थिति पैदा हो गई है ऐसी हालत भाखड़ा का पानी आने के बाद आज तक कभी नहीं हुई है। एक महीना पानी बंद रहने के बाद भी आज भी हिसार जिले के लोग जहां पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं लाखों किसान नरमा एवं चारे की बिजाई के लिए तरस रहे हैं और इस सब के बाद भी हरियाणा सरकार एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी हाथ पैर हाथ धरे बैठे है। यह स्थिति न सिर्फ हिसार की है, वरन् पूरे हरियाणा में सारे भाखड़ा सिस्टम की हो गई है। अब समय आ गया है कि हरियाणा सरकार को निंद्रा से जगाया जाए, इसके लिए समिति ने तय किया है कि 2 मई को क्रांतिमान पार्क, हिसार में इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे एवं लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकालेंगे। इस अवसर पर समिति उप प्रधान सतबीर झाझडिया, कोषाध्यक्ष सत्यवीर गढ़वाल, मुख्य सलाहकार दिलबाग हुड्डा, रामवीर न्योली, हवा सिंह झाझडिया, कपूर सिंह आर्य, रामचंद्र कालीरामन, ओमप्रकाश कालीरामन, दलबीर बेनीवाल, यशपाल आर्य आदि रहे।

### पानी नहीं मिला तो खरीफ की बिजाई नहीं कर पाएंगे किसान

संघर्ष समिति के महासचिव सतवीर पूनिया ने कहा कि अगर आज पानी नहीं मिला तो दक्षिणी हिसार के लाखों किसान खरीफ की बिजाई के बगैर रह जाएंगे। अगर खरीफ की बिजाई ही नहीं हुई तो जीवन निर्वाह कैसे होगा। जल संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र आर्य ने कहा कि 2 मई को होने वाला रोष मार्च तय करेगा कि लाखों लोग एवं किसानों के खेतों को पानी मिलेगा या नहीं। आज हालात यह है कि खनोरी हेड पंजाब से लगातार मिलते रहे 1500 क्यूसिक पानी को एवज में सिर्फ 400 क्यूसिक पानी, यानी चौथा हिस्सा पानी मिला है और वह भी दो दिन बाद फिर से बंद हो रहा है।

## पेट्रोल पंप लूट मामले में सभी छह आरोपी तीन दिन के रिमांड पर भेजे

- रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल चाकू व लूट गए रुपयों की करेगी बरामदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्पेशल स्टाफ टीम व आजाद नगर पुलिस टीम ने बालसमंद रोड स्थित खुशी पेट्रोल पंप पर हुई लूट मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों द्वारा वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू, लूट गए रुपये और आगामी पूछताछ के लिए अदालत से उनका रिमांड मांगा। इस पर अदालत ने सभी आरोपियों को 3 दिन के दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। आरोपियों में बालसमंद निवासी कर्ण उर्फ करणी, न्यू मॉडल टाउन निवासी सुमित, घोड़ा फार्म रोड निवासी शुभम उर्फ बाबा, बालसमंद निवासी अपूर्व उर्फ सुखा, सूर्यनगर निवासी संदीप और फतेहचंद कॉलोनी निवासी योगेश उर्फ मटरी शामिल है। बता दें कि उक्त आरोपियों ने 25 अप्रैल की शाम को बालसमंद रोड स्थित खुशी पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात की थी। इसके बारे में पेट्रोल पंप पर सेल्समैन साकेत कॉलोनी निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घटना के दिन शाम करीब पांच बजे एक स्कूटी और एक बाइक पर कुल 6 लड़के आए और चाकू के बल पर 28 हजार रुपये लूट कर ले गए।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

## एसडीएम ने अधिकारियों के साथ किया रात्रि प्रवास

- ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिवानी मंडी

राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गांव ढाणी किशनलाल में सोमवार को प्रशासन द्वारा रात्रि प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे रात्रि प्रवास कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करना है, ताकि जमीनी स्तर पर वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान कर समयबद्ध तरीके से समाधान किया जा सके। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे अवगत होने का अवसर मिलता है और साथ ही समाधान के लिए त्वरित कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने पानी, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व्यवस्था, तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र अति शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



**सिवानी मंडी।** रात्रि प्रवास कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एसडीएम वीरेंद्र सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाए और आगामी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, बीडीपीओ अमित कुमार, एसडीओ कृषि सुभाष चंद्र, सुपरवाइजर कृषि मंदीप बलारा, बागवानी से डॉ. चांद जोन, फिल्डमैन बलवान, राजरूप, सरपंच उषा रानी, एडवोकेट कृष्ण कुमार सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।




# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबली: द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style

# तृप्ति


## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।




हॉलीवुड मसाला

# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव




**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक

## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टु' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में

## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

*मुंबई। जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।






### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



## खबर संक्षेप



हिसार। इनेलो स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### स्थापना दिवस फहराया पर पार्टी का झंडा

**हिसार।** इनेलो के स्थापना दिवस पर मंगलवार को सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान सतपाल काजला ने की। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया और पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल तथा पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की फोटो पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने कहा कि इनेलो जनता की पार्टी है और इसका झंडा भी जनता का है। यही कारण है कि इनेलो को आम, किसान व कमेरे वर्ग की पार्टी माना जाता है।

### विकसित वाइब्रेट विलेज कार्यक्रम के लिए 500 का होगा चयन

**हिसार।** नेहरू युवा केंद्र संगठन की तरफ से पूरे भारत में विकसित वाइब्रेट विलेज कार्यक्रम के तहत एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लेह-लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड के 100 गांवों में 500 युवाओं को प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। ये युवा स्थानीय समुदाय के साथ सक्रिय रुप से जुड़कर ग्राम परिवर्तन को गति देंगे। इस कार्यक्रम में पूरे देश के 500 युवा प्रतिभा करेंगे।

जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के आवेदन 23 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं और 3 मई तक चलेंगे।

### रक्तदान एक महान सेवा कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मंगलवार को मॉडल टाउन में आयोजित महा रक्तदान शिविर में भाग लिया। यह शिविर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनकी माता शकुन्तला देवी की स्मृति में आयोजित किया गया।

### बुजुर्ग को लाठी डंडों से पीट किया घायल

**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित गांव भाटला गांव में खेतों के बीच से गुजरने वाले रास्ते में बिछाई गई पाइप के लीक होने पर उसे ठीक करवाने के लिए कहने पर एक दंपति द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति की लाठी डंडों से से पिटाई कर उसे घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल बुजुर्ग को परिजनों द्वारा उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल जोगीराम के बयान दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान घायल बुजुर्ग भाटला निवासी जोगीराम ने बताया कि वह सोमवार शाम को गांव से अपने खेत में बने मकान में जा रहा था।

### राजेन्द्र प्रसाद दूसरी बार बने टैक्स बार के प्रधान


**हांसी।** लघु सचिवालय परिसर में मंगलवार को टैक्स बार एसोसिएशन हांसी के चुनावी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सर्वसम्मति से त्रिवार्षिक टैक्स बार चुनाव करवाया गया। तथा त्रिवार्षिक चुनावों में पूर्व प्रधान राजेन्द्र प्रसाद गर्ग एडवोकेट व पूरी कार्यकारिणी को आगामी तीन वर्षो के लिए सर्वसम्मति से चुना गया जिसके निम्न पदाधिकारी चुने गए। मीटिंग में प्रधान राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, उप-प्रधान जीएसटी अमित भ्याना, उप-प्रधान इनकम टैक्स अशोक गर्ग, सचिव संदीप गुप्ता तथा गौरव जैन एडवोकेट को कोषाध्यक्ष चुना गया। एसोसिएशन से कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल एडवोकेट व संजय शर्मा एडवोकेट सह-सचिव उपस्थित रहे।

## शहर के पॉश एरिया में सबसे ज्यादा परेशानी

# भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया, बूंद-बूंद को तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भीषण गर्मी में शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। खासकर सेक्टर्स में पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है। इसके अलावा शहर की कॉलोनियों के जो एरिया टेल पर पड़ते, वहां भी पेयजल की सप्लाई नहीं पहुंचने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सेक्टर-13 में पेयजल के साथ सीवरेज का पानी मिक्स होकर आ रहा है। यह पानी पीने तो दूर की बात किसी भी काम में लेने लायक नहीं है। इसके अलावा सेक्टर-15, सेक्टर 16-17, सेक्टर-14, सेक्टर-33, पीएलए समेत कई पॉश एरिया ऐसे हैं, जहां पेयजल किल्लत छाई हुई है। लोगों को महंगे दामों में टैंकरों से पानी मंगवाने पर विवश होना पड़ रहा है। लोग परेशान है और उनमें जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ लगातार रोष बढ़ रहा है। उधर, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नहर में पानी छोड़ने के बाद जलघरों के टैंकों में पानी स्टोरेज किया जा रहा है, लेकिन वह लंबे समय तक नहीं चलने वाला। सूचना आ रही है कि 3 मई से फिर से नहरबंदी हो जाएगी और यह 20 मई तक चलेगी। फिर भी प्रयास किए जा रहे हैं कि लोगों को पेयजल संकट का अधिक सामना न करना पड़े।



हिसार। सेक्टर-13 में पेयजल के साथ मिक्स होकर आता सीवरेज का गंदा पानी।

### पेयजल को लेकर मची त्राहि-त्राहि : सिहाग

*कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण जनता पेयजल को लेकर त्राहि-त्राहि कर रही है और लोग पानी खरीदने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस समय हिसार सहित पूरे प्रदेश में पेयजल संकट गहरा गया है और हालात लगातार गंभीर हो रहे हैं। एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि पिछले दिनों भाखड़ा नांगल बांध से पंजाब की ओर से नहरों में पानी छोड़ दिया गया है लेकिन इस पानी की समय सीमा कम है ऐसे में टेल तक पानी पहुंचने से पहले ही नहर बंद हो जाएगी। अगर सरकार ने पहले ही नहरों की साफ सफाई और उनकी मरम्मत पर ध्यान दिया होता तो अंतिम छोर पर भी पानी पहुंच गया होता।*

# भगवान परशुराम के आदर्श युगों-युगों तक मानव जाति के लिए प्रेरणादायक

■ मेयर को आजाद नगर सुधार समिति ने सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर स्थित वार्ड 19 में स्थित पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा ने अपने आवास पर मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव का मनाया गया। इस दौरान मेयर प्रवीण प्रोपली पहुंचे। उन्होंने भगवान परशुराम को नमन करते हुए कहा कि अपने तप व पराक्रम से समाज में समता और न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम के आदर्श युगों-युगों तक मानव जाति की प्रेरणा का केन्द्र रहेंगे। इस उपलक्ष्य में आजाद नगर सुधार समिति के प्रधान सुरेन्द्र शर्मा ने अपने निजी कोष से 35 क्विंटल चारे की ट्राली नगर निगम की ढंढूर गोशाला को देने के लिए मेयर पोपली को सौंपी। आजाद नगर की मांगों को लेकर मांग पत्र मेयर को सौंपा। पत्र में कहा गया है कि आजाद नगर में रेहड़ी मार्केट रोड़ पर लगती है। इसके लिए अलग से जगह की व्यवस्था की जाए।



हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को स्मृति चिन्ह देती पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा व अन्य।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई भगवान परशुराम जयंती

**हांसी।** क्रान्तिकारी शहीद भगत सिंह संगठन समिति सदस्यों ने मंगलवार को बजरंग आश्रम में श्रद्धा व उल्लास के साथ भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता हंसराज खेत्रपाल ने की। इस अवसर पर कमल किशोर शास्त्री, मोनिका जांगड़ा, शमां मल्होत्रा, देसराज सोनी, किशोरी नागपाल, हरबंस नागपाल, रमेश चुघ, फौजी उमेद सिंह, पटेल, हरीश पपनेजा, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, कालु राम सिधर, रामधन ठकराल, ऋषि सागर, कर्मवीर पुठ्ठी, हरीश इलावादी, राजेश छिब्बर, राजकुमार, संजय मुंजाल, मुन्ना माली, मलकियत सिंह, हमेश खुराना, रामस्वरूप खट्टर, फौजी कृष्ण कुमार, जगन्नाथ चौपड़ा आदि उपस्थित थे।



## जिला अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

# भाजपा बरवाला विस क्षेत्र के तीनों मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भाजपा हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने बरवाला विधानसभा क्षेत्र में मंडलों की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्त पहले की जा चुकी है। मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि वे अपने अपने मंडल में पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। भाजपा हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने बताया कि बरवाला विधानसभा क्षेत्र के बरवाला मंडल कार्यकारिणी में सुरेश गोयल, कैलाश देवी, नवप्रीत कौर व कृष्ण सोनी को उपाध्यक्ष, जगरूप वर्मा व रोशन घनघस को महामंत्री, जयादेवी, पुष्पा मोर्या, सुनील सैन, ओमप्रकाश सैनी व विनोद भुक्कल को सचिव बनाया गया है। इसी तरह संदीप गोयल को कोषाध्यक्ष, राजेश सलूजा को मीडिया प्रभारी, योगेन्द्र नायक को सोशल मीडिया प्रभारी व श्याम सुंदर शर्मा को आईटी प्रमुख बनाया गया है। इसी तरह बरवाला विधानसभा क्षेत्र के मिलगेट मंडल में शीला देवी, पूजा रानी, सुनील व राजू शर्मा को उपाध्यक्ष, आशीष कुमार व पितांबर सैनी को महामंत्री, पवन लाडवाल नियुक्त किया।

### आजाद नगर व आर्यनगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने जिले के नलवा विधानसभा क्षेत्र के मंडलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से विचार-विमर्श के बाद मंडल अध्यक्षों की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष ने इन मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। संबंधित मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां पहले ही कर दी गई थी। जिला अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा उम्मीद जताई कि वे पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि नलवा विधानसभा क्षेत्र के आर्य नगर मंडल में मंडल अध्यक्ष भूपसिंह खिचड़ के परामर्श पर शमशेर, राजेश राजलीवाल, रामविलास शर्मा व बलवंत पंचार को उपाध्यक्ष, रविशंकर व विजेन्द्र लखेड़ा को महामंत्री नियुक्त किया।

## बच्चों को दिए पुरस्कार

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन में परशुराम जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मंगलवार को परशुराम जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के छात्रों को भगवान परशुराम के जीवन से संबंधित प्रेरक कहानियां सुनाई गईं, जिनमें उनके तप, त्याग, न्यायप्रियता और शौर्य को विस्तारपूर्वक बताया गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी इस दिवस को जीवंत बनाते हुए अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दीं। शिक्षक-शिक्षिकाओं की भागीदारी ने विद्यार्थियों को कला के महत्व को गहराई से समझने का अवसर दिया। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक योद्धा नहीं थे, बल्कि वे ज्ञान, धर्म और संस्कृति के रक्षक भी थे। विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



### परशुराम जन्मोत्सव पर हवन यज्ञ करके दिया नशा न करने का संदेश

**नारनौंद।** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर कस्बे की परशुराम धर्मशाला में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर समाज में फैली नशे की बुराई पर रोक लगाने की शपथ ली गई। धर्मशाला के प्रधान हरीनिवास शांडिल्य ने बताया कि परशुराम जयंती पर कस्बे की परशुराम धर्मशाला में बड़ी सादगी के साथ परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। पहलगाम में बलिदान हुए सभी लोगों श्रद्धांजलि भी दी गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ करवाया गया और हवन की आखिरी आहुति समाज में फैली नशे की बुराई को मिटाने के लिए डाली गई। उन्होंने बताया कि काफी युवा नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। इस अवसर पर कमल सुलचानी ने परशुराम पर लिखी पुस्तक का प्रमुख समाजसेवी मास्टर बिशन लाल, देवदत्त शास्त्री का विमोचन करवाया। इस अवसर पर मास्टर बिशन लाल, रामावतार शर्मा,सुभाष शास्त्री, महेंद्र एमसी, बिल्लू उर्फ जगदीश, कृष्ण, पार्षद टेकराम, सचिव सुरेंद्र, रघुनंदन, जगमेंदर पुट्टी, कमल सुलचानी आदि मौजूद थे।

# अतिक्रमण हटाने पर रेहड़ी संचालकों ने जताई नाराजगी

## सावित्री जिंदल व मेयर के सामने रखीं समस्याएं

■ अगर आपका कहीं दूसरे जगह सामान नहीं बिकेगा तो हम रोड को कैसे जाम करवा लें : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिंदल चौक के आसपास नगर निगम की तरफ से चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान रेहड़ी संचालकों को रास नहीं आ रहा है। इसी के चलते मंगलवार को जिंदल चौक के आसपास रेहड़ी लगाने वाले लोग जिंदल हाउस पहुंच गए और उन्होंने निगम के अभियान पर नाराजगी जताई। इस दौरान विधायक सावित्री जिंदल और मेयर प्रवीण पोपली भी मौजूद थे। रेहड़ी संचालकों ने विधायक से गुहार लगाई कि उन्हें जीटी रोड पर रेहड़ी लगाने की अनुमति दी जाए। इस दौरान कुछ देर दोनों तरफ से तर्क वितर्क चलता रहा। रेहड़ी संचालकों की बात पर एतराज जताते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हमारी किसी का एक पैसा का नुकसान करने की सोच नहीं है लेकिन शहर को भी जाम से मुक्ति दिलानी है। जीटी रोड़ पर सभी रेहड़ियां लगाने लग जाएंगे तो कैसे पार पड़ेगी। अगर आपका कहीं दूसरे जगह सामान नहीं बिकेगा तो हम रोड को कैसे जाम करवा लें। जब रेहड़ी संचालकों ने जीटी के साथ लगते नाले पर रेहड़ियां लगाने की बात कही तो उस पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि नाले पर रेहड़ियां लगाने से यह दिक्कत आती कि गाड़ियां रूकती है और जाम लगता है।

### आपके साथ गलत नहीं करेंगे : सावित्री जिंदल

*विधायक सावित्री जिंदल ने रेहड़ी संचालकों को आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगों के साथ गलत नहीं करेंगे। आप लोग हमारे अपने हैं। वैंडिंग जोन बनाया जाएगा, किसी का सामान जब्त नहीं होगा। ऐसा काम किया जाएगा कि आप लोगों को भी कोई तकलीफ न हो और लोगों को भी कोई परेशानी न हो। थोड़ा सा टाइम चाहिए।*

### एरिया के पार्षद करेंगे सर्वे : मेयर

*इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने रेहड़ी संचालकों से बातचीत करते हुए कहा कि एरिया के नगर पार्षद जगमोहन मित्तल व संजय डालमिया के साथ एक कमेटी बनाकर आप इनके साथ मिलकर सर्वे करें। हमें लगेगा कि इस जगह पर यातायात अवरूद्ध नहीं होता तो हम उस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।*

# जीरो एफआईआर मिलने के साथ ही डॉ. भावना मर्डर केस की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ क्लर्क उदेश यादव का फ्लैट सील, पेट्रोल की बोतल व जले हुए कपड़े बरामद

राजस्थान की 25 वर्षीय महिला डॉक्टर भावना की रहस्यमयी मौत के मामले में हिसार पुलिस को जीरो एफआईआर मिलने के साथ ही सिविल लाइन थाना ने अपनी तेज शुरू कर दी है। जांच टीम ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित फ्लैट में घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान आरोपी क्लर्क उदेश यादव के फ्लैट से एक पेट्रोल की बोतल तथा जले हुए कपड़े बरामद हुए है। फिलहाल उदेश के फ्लैट को पुलिस ने सील कर दिया है। डीएसपी तनुज शर्मा ने इस मामले में बताया कि यह संवेदनशील मामला है, इसलिए हम सीनियरों की मदद ले रहे हैं। इस मामले में उदेश प्राइम सस्पेक्ट है, उसे ढूंढने में पुलिस की एक टीम लगी हुई है। उसका फोन लगातार इस हादसे के बाद से ही बंद आ रहा है। उदेश रेवाड़ी का रहने वाला है। उदेश डॉ. भावना के साथ लगातार संपर्क में रहा है। उदेश के दोस्तों व परिजनों से हम लगातार बातचीत कर रहे हैं। उधर, क्लर्क उदेश यादव पर हकृवि प्रशासन विभागीय कार्रवाई करेगा। मृतका की मां गायत्री यादव का कहना है कि 23 अप्रैल की सुबह डॉ. भावना दिल्ली से निकली थी, लेकिन व अनंतपुरा नहीं पहुंची। अगले दिन आरोपी उदेश ने डॉ. भावना की मां गायत्री को भावना के मोबाइल नंबर से ही कॉल की थी और उसने भावना के जलने तथा सोनी बर्न हॉस्पिटल में भर्ती कराने की सूचना दी थी। वीडियो कॉल पर भावना की हालत भी दिखाई थी। परिजन तुरंत हिसार के लिए रवाना हुए। इस दौरान अस्पताल प्रशासन ने भावना के जलने के बारे में कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई।

## उपलब्धि

## कुलसचिव ने इस अद्भुत उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को बधाई दी

# गुजवि की अंतरराष्ट्रीय मान्यता हरियाणा को फिर से वैश्विक मानचित्र पर लाई, टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में गुजवि को भारत में मिला 69वां स्थान





## गुजवि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 द्वारा एशिया के शीर्ष 600 विश्वविद्यालयों में एकमात्र राज्य सरकार का विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर लंदन द्वारा एशिया में प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2025 में 501-600 बैंड में और भारत में 69वां स्थान प्राप्त करके उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग के पीछे की कार्यप्रणाली टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के लिए वैश्विक तालिका के समान ढांचे पर आधारित है, लेकिन एशियाई संस्थानों की प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वेटिंग्स को विशेष रूप से पुनर्गणित किया गया है। गुजवि ने पिछले साल के 24.1-28.0 स्कोर की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 28.4 से 31.4 का समग्र स्कोर हासिल किया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने लगभग सभी मापदंडों जैसे कि अनुसंधान गुणवत्ता में 44.4, उद्योग आय में 30.9, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण में 18.2, अनुसंधान वातावरण में 12.7 और शिक्षण में 36.8 स्कोर पाकर पहले की तुलना में सुधार किया है।

### प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दी जानकारी



*प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इस साल टाइम्स ने 35 देशों/क्षेत्रों के 853 विश्वविद्यालयों को उनके शोध, शिक्षण, ज्ञान हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का आंकलन करते हुए रैंकिंग दी है। इस पद्धति को टाइम्स हायर एजुकेशन की इन-हाउस डेटा टीम द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें 18 प्रदर्शन संकेतक शामिल हैं और इस पर दुनिया भर के विद्यार्थी, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग के शीर्ष नेतृत्व भरोसा करते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस अद्भुत उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग हमारे पूरे विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा दिखाई गई कड़ी मेहनत और समर्पण की मान्यता है। आईक्यूएसी के निदेशक प्रो.आशीष अग्रवाल तथा उप निदेशक प्रो. कश्मीरी लाल ने भी विश्वविद्यालय की एक और प्रतिष्ठित वैश्विक मान्यता के लिए विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को बधाई दी।*

■ पिछले साल के 24.1-28.0 स्कोर की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 28.4 से 31.4 का समग्र स्कोर हासिल किया ■

**सूचना**

हम, सोनू पुत्र गोपी राम व सुनीता पत्नी श्री सोनू निवासी गांव मिर्जापुर, जिला हिसार बयान करते हैं कि हमारी पुत्री मीना हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इससे लेन-देन, व्यवहार, करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### गंगवा होंगे परशुराम जयंती में मुख्य अतिथि

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 30 अप्रैल को परशुराम जयंती उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम ब्राह्मण धर्मशाला बरवाला में आयोजित किया जाएगा। परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री भाग लेंगे तथा संबोधित करेंगे।

### जीएसटी कानून में बड़े सुधारों की आवश्यकता

**हिसार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूपवाला ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025- 26 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने आयकर दाताओं को भारी छूट देते हुए 12 से -12.75 लाख रुपये तक सालाना छूट देने का प्रावधान किया है। यह पिछले वित्तय वर्ष के मुकाबले बहुत बड़ी छूट है। छोटे करदाताओं को सरकार के इस फैसले से बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

### पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हिसार।** नगर गिनम वार्ड-16 वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान विजय कुमार पहलवान ने की। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। इस मौके पर राजकुमार गलगट, अनिल कुमार फौजी, नंद लाल, राज कुमार गंगवानी, देसराज मजोका, डॉ. अशोक कुमार तंवर, योगेश कुमार, अनिल कुमार गंगवानी, सुनील मौजूद रहे।

### बिजली निगम कल करेगा शिकायतों का निस्तारण

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जिला हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 1 मई को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक इंजीनियर ओमबीर, अधीक्षक अभियंता, ऑप्रेशन सर्कल, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि अधीक्षक अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी।

### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर

**हांसी।** बरवाला बाइपास राजकीय मंगलवार दोपहर दो बाइकों की आपसी भिड़ंत हो गई। इसमें एक बाइक पर सवार पांच लोग घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान भिवानी जिले के गांव जाटू लुहारी निवासी 55 वर्षीय राजकुमार, राजकुमार की धर्मपत्नी 50 वर्षीय बाला, राजकुमार की लड़की 35 वर्षीय ललिता व राजकुमार के दोहते 3 वर्षीय प्रतीक व 6 वर्षीय अमन के रूप में हुई है। सड़क हादसे में राजकुमार, बाला व 3 वर्षीय प्रतीक को गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजमार्ग पर दोनों ओर लगी वाहनों की लाइन

# तोशाम चुंगी पर ट्रैफिक लाइट का लिया ट्रायल, लगा जाम

### पुलिस वालों को काफी देर माथापच्ची करनी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। तोशाम चुंगी पर लगाई गई रेड लाइट का ट्रायल लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

तोशाम चुंगी पर यातायात को व्यवस्थित व सुचारू रूप से चलाने के लिए लगाई गई रेड लाइट का नगर परिषद व पुलिस कर्मचारियों ने दोपहर 2 बजे करीब आधा घंटा लाइटें चालू कर ट्रायल लिया। ट्रायल के दौरान रेड लाइट के दौरान श्री काली देवी चौक से तोशाम चुंगी पर आने वाली लेन में वाहनों की लंबी लाइन लग गई और उसके पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में काफी देर तक माथापच्ची करनी पड़ी। हालांकि ट्रायल के दौरान लाइटें सही रूप से काम करती दिखी। वहीं चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी इसके बारे में बताया गया। उन्हें लाइटें बंद व चालू करने की जानकारी दी गई। इस दौरान तोशाम व श्री काली देवी चौक से तोशाम चुंगी व बस स्टैंड से तोशाम चुंगी की ओर आने वाले वाहन चालकों को परेशानी हुई। रेड लाइट के दौरान श्री काली देवी चौक से तोशाम चुंगी वाले रोड पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। ऐसा ही तोशाम रोड की तरफ भी हुआ। ट्रायल के दौरान 30 सेकेंड तक रेड लाइट चालू रखी गई थी। वहीं तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि हाइवे पर केवल तोशाम चुंगी पर ही ट्रैफिक लाइट लगाई गई है। और इसके आसपास श्री काली देवी मंदिर चौक व आंबेडकर चौक पर कोई रेड लाइट नहीं है। इन चौराहों पर रेड लाइट नहीं होने के कारण सभी वाहनों को तोशाम चुंगी रेड लाइट पर आकर रुकना पड़ता है। साथ ही अन्य चौक के मुकाबले यह चौक छोटा है। इसके चलते वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। अगर आसपास के दोनों चौक पर ट्रैफिक लाइट हो तो यहां वाहनों की लंबी लाइन नहीं लगेगी।

#### 5.14 लाख में लगी लाइट

बता दें कि तोशाम चुंगी पर 5.14 लाख रुपये की लागत से ट्रैफिक लाइट लगाई गई है। ट्रैफिक लाइट लगाने वाली कंपनी को तीन वर्ष तक इसकी देखभाल भी करनी होगी। यह लाइट एक महीना पहले लगी थी लेकिन अब तक सुचारू रूप से शुरू नहीं की गई है।

#### गुजरते हैं भारी वाहन

तोशाम रोड पर अक्सर भारी वाहन गुजरते हैं। खानक से भवन निर्माण की सामग्री के लिए डंपर व अन्य भारी वाहन यहीं से गुजरते हैं। इसके चलते भी तोशाम चुंगी पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। पुलिस कर्मियों के अनुसार यहां सुबह व शाम के समय पर जाम लगता है।

#### टाइमिंग सेट करेंगे : एक्सईएन

हमने पुलिस अधिकारियों को कहा है कि वह ट्रैफिक के अनुसार लाइट की टाइमिंग सेट करवा लें। किस रोड के लिए कितनी देर ट्रैफिक रोकने से जाम कम लगेगा। इसके बारे में चौक पर तैनात पुलिस अच्छे से बता पाएगी और हम उसी अनुसार ट्रैफिक लाइट की टाइमिंग सेट करवा देंगे। अन्य चौक व चौराहों पर रेड लाइट लगवाने के लिए पुलिस अगर मांग करेगी तो उसके लिए योजना तैयार की जाएगी।

**-जयवीर डूडी**, एक्सईएन, नगर परिषद।

# शिक्षण पद्धति के गुर सिखाए

- संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगला में कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर



**आदमपुर।** प्रशिक्षण में उपस्थित ट्रेडिशनल लाइफ कोच व प्रेरक सत्यम, विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

गांव बगला में स्थित संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शिक्षण नीतियों में सुधार को लेकर और नई शिक्षण नीतियों को लागू करने को लेकर सेमिनार व स्मार्टबोर्ड ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से ट्रेडिशनल लाइफ कोच व प्रेरक सत्यम मौजूद रहे। सेमिनार में प्रेरक सत्यम ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापक के पढ़ाने के तरीके की क्या भूमिका हो सकती है, इस विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चा शिक्षक द्वारा प्रभावी ढंग से पढ़ाने के नए तरीकों जैसे स्मार्टबोर्ड से ज्यादा रुचि लेकर पढ़ता है। बच्चा अपने शिक्षक व माता-पिता का ही अनुसरण करता है, बच्चे को कभी भी उपेक्षित न करें। उसके हर छोटे से छोटे कार्य को महत्व दें, उसकी हर रुचि को परखे, समझे व उसका सही दिशा में मार्गदर्शन करें। बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए उसके साथ अपना लगाव बनाएं। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य व सभी अध्यापकों ने प्रेरक का प्रशिक्षण के उपरांत धन्यवाद किया।

# साइबर क्राइम से बचाए के टिप्स दिए

- ओएसजीयू में साइबर अपराध के बचाव के लिए सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** सेमिनार में उपस्थित ओएसजीयू के अधिकारी एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को साइबर अपराध के बचाव के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें ऑनलाइन खातों से होने वाले फ्रॉड की सुरक्षा के लिए मजबूत उपाय बताए गए। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी.एल.एस.ए) के सहयोग से साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान दिया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने भी सेमिनार का सफ़लतापूर्वक आयोजन होने पर शुभकामनाएं दीं। इस पूरे सेमिनार का संचालक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन.पी.कौशिक और प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र छिल्लर ने किया तथा महत्वपूर्ण साइबर खतरों की जानकारी दी। साइबर धोखाधड़ी पर शिकार होने पर शिकायत दर्ज करवाई की प्रक्रिया भी विस्तार में बताई गई और व्हाट्सएप से होने वाले फ्रॉड की जानकारी भी दी।

# नशे से हजारों परिवार बर्बाद हुए : गर्ग

- युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा नशा मुक्त हरियाणा रथ यात्रा निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** नशा मुक्ति अभियान के लिए झंडी दिखाकर गाड़ियां रवाना करते अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा 9 दिवसीय नशा मुक्त हरियाणा रथ यात्रा निकाली। जिस यात्रा को अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने झंडी दिखाकर रवाना किया। गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश में नशे के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। हरियाणा में खुलेआम नशे का व्यापार चल रहा है। नशे के कारण हजारों परिवार बर्बाद हो चुके है। गर्ग ने कहा कि नशे के कारण हरियाणा में पहले से कही ज्यादा अपराध बढ़ा है। सरकार को नशे को रोकने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। सरकार को हरियाणा में गांव स्तर पर जगह-जगह नशा मुक्ति केन्द्र खुलने चाहिए। इसमें दवाई के साथ-साथ हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर बाल योगी चरण दास महाराज, प्रधान रमेश सैनी, विजय सिगमार, विक्रम काकडा, डॉ. सुखविंदर धुवन, मोनिया सैनी, बलवान सैनी, डॉ. मुकेश सैनी, अनंत अग्रवाल, पवन गर्ग, चूड़ियां राम गोयल, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# हड़ताल के लिए संघ करेगा जनसंपर्क

- 20 मई की को है राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते संघ पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

देश की सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 20 मई को की जाने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के सर्व कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय सिंचाई विभाग स्थित यूनियन कार्यालय में जिला वरिष्ठ उपप्रधान नरेश गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव राजेश बागड़ी ने किया। बैठक में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाने का फैसला लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने बताया कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले दस वर्षों से आम जनता व कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। सार्वजनिक सेवाओं का विस्तार करने की बजाय सार्वजनिक ढांचे का निजीकरण किया जा रहा है। देश व प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। युवा वर्ग बढ़ती बेरोजगारी से त्रस्त है। बैठक को दिलीप सोनी, धर्मपाल सोनी, जयवीर मोर, हितेंद्र सिहाग, पवन कुमार, अशोक सैनी, विनोद प्रभाकर, प्रमोद जांगड़ा, दीपक मेहरा, रविंद्र शर्मा, विकास गौतम, रामसूरत यादव, शैलेन्द्र सिंह, छबील दास मोलिया, रणबीर रावत, नूर मोहम्मद व नितिन आदि कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया।

# 11 को हांसी आएंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी

- रैली से हांसी विधानसभा क्षेत्र में होगी विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत : विनोद भयाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** पत्रकारों से बातचीत करते करते विधायक विनोद भयाना। *फोटो : हरिभूमि*

अनाज मंडी में आगामी 11 मई को एक रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी विधायक विनोद भयाना ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत में दी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, भाजपा नेता राजेश ठकराल, साहिल भयाना, दिनेश भूटानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट विजय मलिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, नवीन मलिक, सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि इस रैली में मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए हलके से हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। भाजपा सरकार ने हांसी ही नहीं पूरे प्रदेश में जबरदस्त विकास कार्य करवाए। इस बात को प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है। भाजपा शासन काल के दौरान हांसी विधानसभा क्षेत्र में हुए रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यों की बदौलत पूरा क्षेत्र बदला-बदला नजर आ रहा है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस रैली में हांसी को कई बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात दे सकते हैं।

#### हांसी को जिला बनाने की मांग रखेंगे

हांसी को जिला बनाने को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में विधायक भयाना ने कहा कि हांसी को संपूर्ण जिला बनाने सहित, आईआईटी संस्थान बनवाने, दक्षिणी बाइपास का निर्माण करवाने,100 बेड अस्पताल बनवाने, स्टेडियम का निर्माण करवाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएंगी। स्टेडियम के निर्माण को लेकर पर्यटन विभाग से खेल विभाग को जमीन भी ट्रांसफर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हांसी को जिला बनाने को लेकर विधानसभा में भी कई बार मांग की जा चुकी है। यह पूरा मामला राज्य सरकार के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि रैली में भी इस मांग को पूरा करवाने के लिए कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी।

# ढंढूर में नशे के खिलाफ जगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** शिविर में युवाओं को नशे को लेकर जागरूक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से गांव ढंढूर के ग्राम सचिवालय विद्यालय में एक विशेष स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच सतपाल इल्ला, डीडीसी काउंसलर राजेश कुमार, डीडीसी काउंसलर श्रवण कुमार, एचआईवी काउंसलर सुदामा, डॉ. मोनिका, नीलम तथा डॉ. शालू बोरा (काउंसलर) की उपस्थिति में हुआ। यह शिविर एसडीएम ज्योति मित्तल के मार्गदर्शन तथा डिप्टी सीएमओ डॉ. सुशील गर्ग के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.के. अंजली बहन एवं बी.के. संतोष बहन रहीं। बी.के. संतोष बहन ने अपने प्रेरणादायक व्याख्यान में नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे राजयोग साधना के माध्यम से व्यक्ति नशे की बुरी आदतों से मुक्ति पाकर एक स्वस्थ, जीवन जी सकता है। बी.के. अंजली बहन ने सभी को नशामुक्ति का संकल्प दिलवाया तथा राजयोग ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास कराते हुए इसके लाभों का सहज अनुभव कराया।

# डांस प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

- कृष्ण प्रणामी स्कूल में डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर




**आदमपुर।** प्रणामी स्कूल में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

आदमपुर भादरा रोड स्थित श्री कृष्ण प्रणामी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रशासक पंकज मक्कड़ व प्रिंसिपल ज्योति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता रखी गई प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्ग के लिए अलग-अलग की थीम रखी गई। हरियाणवी नृत्य में अक्षिता ने प्रथम, प्रियांशी ने दूसरा वह लक्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह प्राइमरी ब्लॉक में पंजाबी थीम रखी गई जिसमें मिताली ने प्रथम, नायर ने दूसरा वह सुनाया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जूनियर वर्ग में राजस्थानी प्रतियोगिता में ललित ने प्रथम यश ने दूसरा वह पूनम ने 3 प्राप्त किया। नृत्य की लगातार चलती रफ्तार में सीनियर वर्ग में गुजराती थीम रखी गई जिसमें नमन व सिमरन ने प्रथम सरीन ने दूसरा तथा आईना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार कला का प्रदर्शन किया।

### हिमाचल परिवार ने सीएम को दिया यात्रा का निमंत्रण

# कुरूक्षेत्र से 19 को होगा सिंधु दर्शन यात्रा शुभारंभ

- यात्रा लेह में आयोजित की जाएगी और इसमें देशभर से लोग भाग लेंगे
- संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने में भूमिका निभाती है यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** सीएम नायब सैनी को 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा लेह जाने का निमंत्रण देती हिमालय परिवार की प्रदेश महामंत्री डॉ. मोनिका सैनी।

हिमालय परिवार हरियाणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा लेह जाने का निमंत्रण दिया है। इस 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा का शुभारंभ 19 जून को कुरूक्षेत्र से होगा। हिमालय परिवार की प्रदेश महामंत्री डॉ. मोनिका सैनी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री नायब सैनी को आमंत्रित किया। इस अवसर पर डॉ. मोनिका सैनी ने बताया कि कि सिंधु दर्शन यात्रा एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो हिमालय परिवार के माध्यम से आयोजित किया जाता है। यह यात्रा लेह में आयोजित की जाएगी और इसमें देशभर से लोग भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए डॉ. मोनिका सैनी और हिमालय परिवार को आश्वासन दिया कि हरियाणा वासी बढ़ चढ़कर इस यात्रा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

#### पर्यावरण संरक्षण सहित कई कार्य करता है संगठन

डॉ. मोनिका सैनी ने बताया कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन हमारी एकता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि हिमालय परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इंदेश कुमार के संरक्षण में चलाया जाना वाला एक सामाजिक संगठन है, जो हिमालय एवं पर्यावरण के संरक्षण के विभिन्न कार्यों में लगा रहने वाला संगठन है। हिमालय परिवार, सिंधु नदी के जीवनोद्धार एवं उसके पुरातन मूल्य तक उसको पहुंचने का कार्य भी यह संगठन करता है जिसके लिए पिछले 29 वर्षों से प्रतिवर्ष एक सिंधु दर्शन यात्रा आयोजित करता है।